RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 344
हिसार | सोमवार, 11 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६


पोस्टर ही पोस्टर
हर तरह की कलर व ब्लैक एंड वाइट प्रिंटिंग कराने के लिए सम्पर्क करें।
इश्तिहार, बिल बुक व लैटर हैड आदि उचित रेट पर छपवाएं
सूचना प्रिन्टर्स C/o दैनिक पाठकपक्ष
नजदीक माडल टाउन मार्केट, हिसार
E-mail : soochnaprinter@gmail.com
98964-72584, 92552-73410




# पीएम मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे सहित 16 राज्यों के प्रोजेक्टों का किया उद्घाटन

## 4890 करोड़ की लागत से बनने वाले शामली-अंबाला नेशनल हाईवे के पैकेज 1,2,3 की भी आधारशिला रखी










**पाठकपक्ष न्यूज**

**गुरुग्राम, 11 मार्च :** पीएम मोदी ने गुरुग्राम से सोमवार को द्वारका एक्सप्रेसवे समेत 16 राज्यों के प्रोजेक्टों का उद्घाटन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे। 4087 करोड़ की लागत से तैयार द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन से ट्रैफिक का दबाव कम होगा। पीएम ने 4890 करोड़ की लागत से बनने वाले शामली-अंबाला नेशनल हाईवे के पैकेज 1,2,3 की भी आधारशिला भी रखी। कांग्रेस ने 60 दशक में जो गड्ढे खोदे थे वह तेजी से भरे जा रहे हैं। ये मोदी की गारंटी है। साथियों आप सभी को इस विकास के लिए बहुत बहुत बधाई देता हूं। मेरा सपना है कि 2047 तक देश विकसित होना चाहिए। हमारा हरियाणा विकसित होना चाहिए। हिंदुस्तान का कोना कोना विकसित होना चाहिए। विकास के इस उत्सव के लिए आइए मेरे साथ अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट चालू कीजिए। चारों तरफ जिन जिन के पास मोबाइल है, ये विकास का उत्सव है। विकास का संकल्प है। मेहनत करने का संकल्प है।

### हमारी सरकार जो शिलान्यास करती है उसे समय पर पूरा करती है : मोदी

ये तो वो लोग हैं जो केवल चुनावी सरकार चलाते थे। इन्होंने 2006 में 1000 करोड़ किलोमीटर का एक्सप्रेस वे बनाने की घोषणा की थी, लेकिन वह घोंसलों में घुस गए। इसको हमने 2018 में पूरा किया। कई प्रोजेक्ट 20 सालों से लटके हुए थे, जिसको हमने पूरा किया। आज हमारी सरकार जिस काम का शिलान्यास करती है उसे समय पर पूरा करने में उतनी ही मेहनत करती है। तब हम यह नहीं देखते हैं कि चुनाव है या नहीं।

### 2047 में हिंदुस्तान को विकसित भारत बनाना है : पीएम

21वीं सदी का भारत बड़े विजन का भारत है। आज का भारत प्रगति की रफ्तार से कोई समझौता नहीं कर सकता। आप लोगों ने मुझे भली-भांति जाना भी है, पहचाना भी है, समझा भी है। आपने देखा होगा कि मैं छोटा सोच नहीं सकता, इसलिए मुझे 2047 में हिंदुस्तान को विकसित भारत के रूप में देखना है। इसी रफ्तार को बढ़ाने के लिए हमने दिल्ली एनसीआर में होलिस्टिक विजन के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम शुरू किया। हमने बड़े प्रोजेक्ट को तय समय सीमा में पूरा करने का टारगेट रखा।

**9 हजार किमी हाईस्पीड कॉरिडोर बनाने पर फोकस**

आज हम देश में 9000 किलोमीटर हाईस्पीड कॉरिडोर बनाने पर फोकस कर रहे हैं। इसमें से 4000 किलोमीटर कॉरिडोर बनकर तैयार हो चुका है। आज 21 शहरों में मेट्रो की सुविधा है। इन कामों के पीछे लंबी प्लानिंग लगती है। ये काम विकास के विजन से होते हैं। ये काम तब होते हैं जब नीयत सही होती है। अगले पांच वर्षों में विकास की ये गति और कई गुना तेज होगी।

**मोदी ने इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना**

पीएम ने कहा इन्हीं एक्सप्रेस वे के किनारे आज इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बन रहे हैं। इसके अलावा अच्छी सड़कें होने से टू व्हीलर और फोर व्हीलर को अच्छी कनेक्टिविटी मिलती है। देश के इस विकास में अगर सबसे ज्यादा किसी को दिक्कत है तो वह कांग्रेस और उसके इंडिया गठबंधन को। उनकी नींद खराब हो गई है। उनको समझ में ही नहीं आ रहा है कि इतनी तेज से काम हो सकते हैं क्या। इसलिए वह लोग कह रहे हैं कि मोदी चुनाव के कारण लाखों रुपए के काम कर रहा है। देश कहां से कहा पहुंच गया, लेकिन कांग्रेस और उनके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। उनके चश्मे का नंबर अभी भी वही है ऑल निगेटिव।

**सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ सके**

पीएम ने कहा कि कोविड के दो साल के संकट के बीच देश को हम इतनी तेजी से आगे बढ़ा पाए हैं। दिल्ली एनसीआर में 230 किलोमीटर से ज्यादा मेट्रो लाइनें शुरू की हैं। इन परियोजनाओं से यातायात तो आसान होगा ही, साथ ही दिल्ली एनसीआर की प्रदूषण की समस्या में भी कमी आएगी। विकसित होते भारत में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के इतिहास में कम होती गरीबी आपस में जुड़े हुए हैं। ऐसे ही अनेक प्रयासों के कारण बीते दस सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ सके हैं। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत भारत बनेगा। इससे उतने ही ज्यादा रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बनेंगे।

# लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने में सेक्टर अधिकारियों की रहेगी अहम भूमिका : एसडीएम मोहित महराणा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 11 मार्च :** एसडीएम मोहित महराणा ने कहा कि निकट भविष्य में होने वाले लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका रहेगी। इसलिए सभी अधिकारी अपनी चुनावी ड्युटियों तथा क्षेत्र की भौगोलिक व अन्य प्रकार की आवश्यक जानकारियां गहनता से प्राप्त करना सुनिश्चित करें। श्री मोहित महराणा सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में सेक्टर अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेक्टर के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों का समय-समय पर दौरा करते रहें। सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, रैंप, दरवाजे खिड़की, साइनेज, पानी व अन्य आवश्यक साजो सामान हर हाल में उपलब्ध होना चाहिए। अगर किसी मतदान केंद्र पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किसी भी चीज की आवश्यकता है तो तुरंत संबंधित उच्च अधिकारी से संपर्क कर व्यवस्था को दुरुस्त करवाए।






# सम्पादकीय..........

## टेस्ट क्रिकेट को बनाए रखने के लिए सार्थक पहल

*भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने ऐसे खिलाड़ियों की मैच फीस 15 लाख रुपए से बढ़ाकर 45 लाख रुपए करने का फैसला किया है, जो हर सीजन में कम से कम सात टेस्ट मैच खेलेंगे। इन्हें 4.5 करोड़ रुपए की मोटी रकम मिलेगी जो एक सीजन में 10 टेस्ट मैचों में हिस्सा लेंगे। भारत में टेस्ट क्रिकेट को प्रोत्साहन के लिए यह सार्थक पहल है। ज्यादातर क्रिकेट विशेषज्ञ इस खेल के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, 50-50, टी-20) में टेस्ट को असली क्रिकेट मानते हैं। उनके मुताबिक क्रिकेट की तमाम तकनीकी खूबियां टेस्ट मैच में ही देखने को मिलती हैं। पांच दिन का यह प्रारूप खिलाडियों का धैर्य, एकाग्रता से लेकर मैदान में लंबे समय तक जूझने के जज्बे तक, सब कुछ 'टेस्ट' करता है। पहले वनडे (50-50) और उसके बाद टी-20 के रूप में रंग-बिरंगे फटाफट क्रिकेट की शुरुआत ने 147 वर्ष से खेले जा रहे टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता पर आई आंच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के माथे पर भी बल पड़े हुए हैं। क्रिकेट की यह ऐतिहासिक विरासत अब इसके ज्यादातर शेयरधारकों के लिए घाटे का खेल साबित हो रही है। वनडे और टी-20 के मुकाबले मैदान में इसके दर्शक भी घट रहे हैं और प्रायोजक भी। टेस्ट मैचों के शेयरधारक घाटे की भरपाई के लिए वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट्स से जुड़ रहे हैं। भारत में भी टेस्ट मैचों की कमोबेश यही हालत है। तेज रफ्तार जीवन शैली के कारण क्रिकेट प्रेमियों को वनडे और टी-20 ज्यादा रोमांचित कर रहे हैं, जहां कुछ ही घंटों में फैसला हो जाता है। पिछले दिनों चिंताजनक पहलू यह उभरा कि कुछ भारतीय खिलाड़ी सिर्फ इसलिए भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं बने, क्योंकि उन्हें आइपीएल की तैयारी करनी थी। अपने देश के लिए खेलना हर खिलाड़ी का कर्त्तव्य है। कोई भी फ्रेंचाइजी क्रिकेट, भले वह आइपीएल हो, इससे ऊपर नहीं हो सकता। आइपीएल में ज्यादा धन मिलता है, इसलिए नेशनल टीम का हिस्सा बनने के बजाय कुछ खिलाड़ी इसे ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्र ने ही क्रिकेट में उनके सितारे बुलंद किए हैं। टेस्ट मैच खेलने से इनकार करने वाले दो खिलाडियों का नाम सालाना रिटेनर्स की लिस्ट में शामिल नहीं कर बीसीसीआइ पहले ही संदेश दे चुका है कि राष्ट्रीय कर्त्तव्य के मोर्चे पर आनाकानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब रेड बॉल (टेस्ट) और फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बीच धन के अंतर को कम कर उसने स्पष्ट कर दिया है कि वह पांच दिन के क्रिकेट को बनाए रखने के प्रति गंभीर है। मुमकिन है इसके लिए कुछ और कदम उठाए जाएं।*

## नारी सशक्तिकरण पर सद्भावना ग्रुप द्वारा सम्मानित महिलाओं को किया गया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** विगत दिवस एमजी रिजार्ट में महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें समाज में अपनी सेवाएं दी हैं उनको अवार्ड व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुमन बत्रा को सम्मानित किया गया। जिनके साथ उनके टीम के सदस्य रेखा, सविता और वर्षा जैन को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर गीता भारती, प्रतिमा गुप्ता और आशा खेदड़ उपस्थित रही। सद्भावना फाउंडेशन के फाउंडर अमित ग्रोवर ने कहा कि हिसार शहर की जितनी भी संस्थाएं हैं। सबको एक मंच पर इकट्ठा कर एक मिसाल कायम की है।

## डॉ. सुरजीत सिंह डुडेजा बने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रधान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन फैकल्टी क्लब में आयोजित आम- सभा में सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार डॉ. सुरजीत सिंह डुडेजा प्रधान एवम् डा. आर. के यादव को उपप्रधान चुना गया। इससे पहले डॉ. ए. एल. खुराना ने डॉ. डुडेजा का नाम प्रधान पद के लिए प्रस्ताव रखा एवम् डॉ. जे. के. डांग ने इस का अनुमोदन किया। सब सदस्यों ने तालियों से डॉ. डुडेजा का स्वागत किया। सदस्यों ने डॉ. डुडेजा से अपनी कार्य- करणी बनाने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। डॉ. डुडेजा ने कहा कि उन्होंने पिछले दो वर्षों में पेन्शनर्स की कई लंबित माँगों का विश्वविद्यालय प्रशासन से मिलकर समाधान करवाया है। उन्होंने कहा कि जो विश्वास सदस्यों ने मुझ पर जताया है, वह उस पर खरा उतरने के लिए कटीबद्ध हैं। डॉ. डुडेजा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं। डॉ. डुडेजा भारतीय माइक्रोबायोलॉजिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष, मुख्य - सचिव, संपादक एवम् प्रधान रह चुके हैं। वह भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की शोध सामिति के सदस्य हैं। वह कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की वैज्ञनिक संस्थायों के सदस्य हैं।

# 51वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव बीड़ बबरान धाम में शुरु

## पहले दिन निकली निशान यात्रा में हजारों श्याम भक्त हुए शामिल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** श्री श्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट बीड़ बबरान के तत्वाधान में 51वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव रविवार सुबह निशान यात्रा के साथ शुरु हो गया। 16 मार्च तक मनाए जाने वाले उत्सव की जानकारी देते हुए धाम के महंत व श्याम भक्त पंडित विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन हनुमान मंदिर, नागोरी गेट से बीड़ बबरान धाम तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर नाचते गाते हुए धाम पर पहुंचे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरसिंह बिश्नोई, प्रो. विनोद वर्मा, डॉ. जगबीर सिंह, सुरेंद्र लाहौरिया आदि ने अतिथि के रुप मे भाग लिया। धाम के प्रधान शिव कुमार सिंगल ने बताया कि 11 मार्च से 15 मार्च तक प्रतिदिन सायंकाल 4:00 से 7:30 बजे तक श्याम संकीर्तन होगा, जिसमें अनेक गायक कलाकार रोजाना श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। 16 मार्च को प्रातः काल 8:15 बजे बबरान नरेश महाभिषेक होगा। 11:15 बजे श्रीश्याम मंगल ज्योति महायज्ञ होगा तथा रात्रि 8:00 बजे से प्रभु इच्छा तक श्याम नाम संकीर्तन होगा जिसमें अनेक नामी गायक कलाकार श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। श्याम कीर्तन के साथ ही श्याम रसोई से विशाल भंडारा चलाया जाएगा।

# किसानों की आर्थिक हालत चिंताजनक : गुरनाम सिंह चढूनी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी ने हिसार जिले में दौरा किया और हिसार जिले में अपने विभिन कार्यक्रमों में भाग लिया। किसानों और किसानी के मुद्दों पर चर्चा की व प्रेस कांफ्रेंस का भी आयोजन किया गया। उनके साथ कर्म सिंह मथाना प्रदेश अध्यक्ष, सुश्री सुमन हुड्डा महिला प्रदेश अध्यक्ष, संदीप सिंगरोहा प्रदेश अध्यक्ष आई टी सेल, सुरेंद्र लितानी प्रदेश सलाहकार, महेंद्र पारता प्रदेश उपाध्यक्ष, कान्ता हुड्डा किसान नेत्री, विमला तरड़ किसान नेत्री, इकबाल लुदास, जगबीर किरमारा, सन्दीप पनिहारी, नवीन पनिहारी, सुरेन्द्र बिठमडा, रणधीर बामल, धोला जेवरा, नरेश सरसोद आदि भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व चढूनी ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार का भी संक्षिप्त दौरा किया, सैंकड़ों की संख्या में किसान उनके साथ थे। प्रेस वार्ता के दौरान चढूनी ने यह बताया कि किसान को खर्चा ज्यादा और आमदनी कम है और आज के समय में किसान की हालत चिंताजनक है। उन्होंने यह भी बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में जो शोध हुआ है, जिसकी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी की पत्रिका हरियाणा खेती के फरवरी 2024 अंक में भी छपी है वो चढूनी ने प्रेस वार्ता में यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट साँझा की ताकि ये रिपोर्ट सरकार तक जाए और किसानों तक भी जाए व सच दुनिया के सामने आ सके। चढूनी ने यह भी सुझाव दिया कि किसानी के उपकरण और अन्य सामान की व्यवस्था के लिए प्रत्येक गांव में सोसाइटी बनाई जानी चाहिए ताकि किसान को समय पर सभी सामान नजदीक ही मिल सके और उसे दर-दर न घूमना पड़े और इसकी वजह से किसान पर खेती का खर्च भी कम किया जा सकता है। इसलिए सरकार से तुरंत मांग है कि सभी किसानों का कर्जा माफ़ किया जाए। किसानों को असली दवाइयां और उचित कीमत पर बीज उपलब्ध करवाया जाए और सभी फसलों पर एमएसपी का प्रावधान किया जाए।

# परफेक्ट हेल्थ वीरांगना ग्रुप फॉर सीनीयर सिटिजन ने धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** परफेक्ट हेल्थ वीरांगना ग्रुप फॉर सीनीयर सिटिजन हिसार ने अपने सैक्टर-15 स्थित सैन्टर पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर श्रीमती कुसुम शर्मा, रैणु शर्मा, दविन्द्र कौर, लक्ष्मी, निर्मला, उर्मिला बांगिया, वीना वर्मा तथा वीना खत्री ने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कविता पाठ किया। श्रीमति राजकुमारी, राज कालड़ा, दर्शन कक्कड़, कृष्णा बूरा, शशि आर्य तथा वीना खत्री ने अपने मधुर गीत प्रस्तुत किये। इसके साथ ही सभी वीरांगनाओं ने सूफी संगीत पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए समां बांध दिया। ग्रुप की संचालिका श्रीमति सुनीला सिंह ने इस अवसर पर महिलाओं के परिश्रम व लगन तथा निष्ठा की भूरि-भूरि प्रंशसा करते हुए लिखित में प्रमाण-पत्र/सर्टिफिकेट वितरित करके सभी वीरांगनाओं के सम्मान में चार चाँद लगा दिये। श्रीमति नीलम परूथी ने संचालिका श्रीमती सुनीला सिंह को सभी की तरफसे ताजे फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान संचालिका श्रीमति सुनीला सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी देकर इसके महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे सभी वीरांगनाओं ने उत्साहित होकर ध्यानपूर्वक सुना। इस ग्रुप की सबसे उम्रदराज वीरांगना 78 वर्षीय श्रीमती प्रभा अग्रवाल ने सभी वीरांगनाओं को आर्शीवाद देकर ग्रुप के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सुण मौल्लड़ की



महिला पहलवान संगीता फोगाट ने क्रिकेटर युजवेन्द्र चहल को कंधे पर उठाकर घुमा डाला।

**हरियाणा की छोरी, ताकत की डोरी। अर खानदान पहलवांना का।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** लोगों को अपने विरूद्ध खड़ा पाएंगे। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र की उलझने परेशान कर सकती हैं। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।

**वृषभ :** लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। उपहार प्राप्त होने की संभावना। बड़े भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**मिथुन :** नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। मनचाही सफलता की राह आसान होगी।

**कर्क :** सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सेदारी बढ़ेगी। जरूरतमंदों की सहायता करके खुश होंगे। पूर्व में किए शुभ कर्मों का फल प्राप्त होगा।

**सिंह :** विवादों से दूर रहें। किसी अंजान स्थान की यात्रा न करें। लोग जान बूझकर नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे, सावधानी बरतें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कन्या :** यात्रा शुभ रहेगी। सांझेदारी के कार्यों से लाभ होगा। व्यापार में विस्तार होने की संभावना।

**तुला :** मन भावुक बना रहेगा। जोखिम लेने से बचें। सावधानीपूर्वक कार्य करें। काली माता की पूजा करें।

**वृश्चिक :** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। मन में धार्मिक विचार उत्पन्न होंगे। खान-पान संबंधी सावधानी बरतें, पेट संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**धनु :** व्यापारी वर्ग सावधानी बरतें, नुकसान होने की संभावना। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। शराब के सेवन से बचें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**मकर :** लोग आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा करेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों व रिश्तेदारों का सहयोग प्राप्त होगा। कान संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**कुंभ :** आय में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ संबंध मधुर रखें। लेखन के कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में नई शुरूआत लाभकारी रहेगी। परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। धैर्यपूर्वक कार्य करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# शांति नगर कुटिया में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन, 220 रोगियों ने लाभ उठाया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर कुटिया ब्रह्मपुरी, शांति नगर में आज प्रातः दांतों, बीपी शुगर, हार्ट व मनोरोग आदि बीमारियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की देखरेख में फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। संत रामानंद महाराज के सान्निध्य में लगाए गए इस कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज ढाका, मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अदिति पोपली, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति मुंड, जनरल फिजिशियन डॉक्टर राजीव छाबड़ा व दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गर्वित नागपाल ने 220 रोगियों का निरीक्षण करके उन्हें उचित परामर्श दिया। कैंप में दवाइयां भी दी गई। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# संयुक्त जल संघर्ष समिति ने निर्माणाधीन बासड़ा माइनर नंबर तीन का किया निरीक्षण : दिलबाग हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** बासड़ा माइनर तीन जो निर्माणाधीन है उसकी मौके का निरीक्षण उक्त समिति द्वारा किया गया, मौके पर जेई मनीष कुमार, ठेकेदार का बेटा व मजदूर कार्य करवाते मिले। वहां पर मौजूद किसान नेता मोहनलाल मिठारवाल व पवन सरसाना मिले, जिन्होंने कार्य में जो ईंट लगाई जा रही है वह दो नंबर की बतायी जा रही है और सीमेंट क्रेशर की रेशो सही से नहीं लगाई जा रही। बेस जो बनाया जा रहा है वह गलत है, ऊपर ही ईंटें रख कर पिलर बनाए जा रहे हैं और पाइप भी कंडम व लेवल से नहीं लगाई जा रही जो कि सारा ही कार्य गलत किया जा रहा है। विभाग को चेताया जा रहा है कि तुरंत इसे संज्ञान में ले अन्यथा समिति को कड़ा निर्णय लेना पड़ेगा। इस मौके पर समिति के उपप्रधान सुरेंद्र आर्य, मुख्य सलाहकार दिलबाग हुड्डा लुदास, कोषाध्यक्ष सतबीर गढ़वाल विजय भाभू, अनिल भादु, रामवीर ढांडा, प्रदीप ढाका, राजेश प्रहलाद सूंड़ावास आदि मौजूद थे।

# ओ.एस.जी.यू. के जॉब फेयर में 2.5 लाख से 7.2 लाख के पैकेज पर 546 उम्मीदवारों का चयन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय में गत दिवस हुए जॉब फेयर में 2500 उम्मीदवारों ने दिया इन्टरव्यू जिसमें से 546 उम्मीदवारों का 2.5 लाख से 7.2 लाख के सालाना पैकेज पर चयन हुआ। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी और मेहनत और लग्न से काम करते हुए हमेशा जिंदगी में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। विश्विद्यालय के चांसलर और प्रो चांसलर ने कहा की यह जॉब फेयर हर वर्ष होता है और आगे भी होता रहेगा। अलग-अलग शहर और राज्य से आई हुई कंपनी का विश्विद्यालय प्रबंधन ने स्वागत किया और विश्विद्यालय की प्रथा के अनुसार प्लांट्स और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस प्रोग्राम में डॉ प्रताप सिंह ( निदेशक, ट्रैनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग, जीजेयू, हिसार) मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की और उम्मीदवारों को प्रेरणादायक उद्धरण देते हुए विश्विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। जॉब फेयर के पहले दिन 22 और दूसरे दिन 19 कंपनी द्वारा युवाओं के इंटरव्यू लिए। इसी दौरान विभिन्न कंपनियों ने प्रस्तुति देते हुए अपनी कंपनी की जानकारी सांझा की। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक और प्रति-कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी और जिन प्रतिभागियों को रोजगार प्राप्त नहीं हुआ उन्हे और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के डीन डॉ अमित नांदल ने बताया की इस जॉब फेयर में 5 हज़ार से ज्यादा उम्मीदवारों ने अपने नाम का रजिस्ट्रेशन करवाया था, जिसमें से लगभग 41 कंपनियों ने 2.5 लाख से 7.2 लाख तक के सालाना पैकेज पर तकरीबन 546 युवाओं को चयनित किया। इसी के साथ युवाओं को इस जॉब फेयर का हिस्सा बनाने पर विश्विद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल का आभार व्यक्त किया। जॉब फेयर में आई हुई कंपनियों ने भी विश्विद्यालय के प्रबंधन शैली की सरहाना करते हुए विश्विद्यालय प्रगाण को भी बेहतरीन बताया।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम
müse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar

Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें :8222035555


हरियाणा सरकार
"केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है।"
- नरेन्द्र मोदी
विकसित भारत, विकसित हरियाणा
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
द्वारा
शामली- अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग
(121 किलोमीटर, लागत ₹4,890 करोड़)
भिवानी- हांसी राष्ट्रीय राजमार्ग
(43 किलोमीटर, लागत ₹1,330 करोड़)
का
शिलान्यास
तथा
द्वारका एक्सप्रेस-वे
(हरियाणा खंड में 19 किमी, कुल लागत लगभग ₹10,000 करोड़)
का शुभारंभ
11 मार्च, 2024 | प्रातः 11:00 बजे | गुरुग्राम
आप सादर आमंत्रित हैं
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



TOYOTA
LIVE A FULLER LIFE
ON ANY TERRAIN
WITH UNMATCHED 4X4 CAPABILITY
TOYOTA HILUX
₹ 1 80 000*
तक के लाभ
HILUX
ADVENTUROUS.
ACCOMPLISHED.
Awesome
लो EMI ऑप्शन ₹ 35 241** से शुरू
BOOK NOW
GLAMPING EXPERIENCE
VERSATILE BED
ACTIVE TRACTION CONTROL
4X4 CAPABILITY
RIGID FRAME STRUCTURE
ELECTRONIC DIFFERENTIAL LOCK
TALK TO TOYOTA
FOR ENQUIRIES & FEEDBACK CONTACT
TOLL FREE NO. 1800-309-0001
DIRECT NO. : +91-80-4505-9000
Toyota Mobility Service
Individual Subscription Corporate Leasing
T-CONNECT
TOYOTA FINANCIAL SERVICES
SERVICE Quality | Personalized
24x7 ROADSIDE ASSISTANCE
Care on the Move
UNMATCHED WARRANTY*
3 years / 1 00 000 km
*conditions Apply
FOR YOUR PEACE OF MIND
TOYOTA U TRUST
Buy Sell Exchange - Used car
हुअल फ्रंट SRS एयरबैग्स, ABS विद EBD एवं प्रीटैंश्नर
फोर्स लिमिटर [PTFL] सभी टोयोटा कारों पर स्टैंडर्ड हैं।
MALIK TOYOTA
HISAR :
14.5 Mile Stone, NH-65, Chandigarh Road, Hisar.
Ph.:- 99967 88826, 99967 88829, 99967 88832
SIRSA :
Near Maharaja Palace, Dabwali Road, Sirsa.
Ph.:- 85728 88801, 85728 88880, 85728 88881
FATEHABAD:
Bhuna Mor, NH-10, Hisar-Sirsa Road, Fatehabad.
Ph.:- 85728 88830
**Terms & conditions apply on all schemes & offers. Offer valid till 31th March 2024. Fiance at the sole discretion of Financier. * Scheme inclusive of Exchange and Corporate/ Government/ Exclusive Community benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. Creative representation. Few exterior features shown are not standard items and are available as accessories. Accessories shown may not be part of standard equipment.

# हिसार-तोशाम रोड़ पर सफर होगा आसान, डिप्टी स्पीकर ने सड़क के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** हिसार-तोशाम रोड़ का निर्माण कार्य रविवार को आरंभ हो गया। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जन सुविधा के अनुरूप सड़क मार्ग का निर्माण तय समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। सरकार का मकसद व्यापक जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाना है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि नलवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के लिए सड़क मार्गों का निर्माण करवाने के साथ-साथ खेतों के रास्तों को भी पक्का करवाया जा रहा है। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

# श्रम मंत्री अनूप धानक ने गांव बिठमड़ा स्थित श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित मासिक सदस्य सम्मान समारोह में की शिरकत कर विभिन्न विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** समृद्धि और कल्याण की प्राप्ति के लिए गौ सेवा से बड़ा कोई दूसरा साधन नहीं है। गौ सेवा से जो आनंद प्राप्त होता है, उसकी कोई सीमा नहीं है। जो गौ सेवा करते हैं, उन पर भगवान की विशेष कृपा रहती है। यह बात श्रम मंत्री अनूप धानक ने गांव बिठमड़ा स्थित श्री कृष्ण गौशाला में आयोजित मासिक सदस्य सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने अपनी स्वैच्छिक कोष से दी गई 11 लाख रुपए की अनुदान राशि से निर्मित विभिन्न कार्यों का उद्घाटन किया। गौशाला कमेटी द्वारा श्रम मंत्री अनूप धानक का पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रम मंत्री ने कहा कि गौ माता अपने आप में एक तीर्थ है, यदि कोई सच्चे मन से गौ माता की भक्ति करता है, तो उसका जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य की गौशालाओं के प्रति सरकार गंभीर है। पहली बार राज्य की गौशालाओं के बजट में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की गई है। पहले गौशालाओं का 40 करोड़ रुपए बजट होता था, जोकि इस बार बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस राशि से प्रदेशभर की गौशालाओं में शेड निर्माण, गोदाम, चारदीवारी, रास्ते को पक्का करना, चारा व्यवस्था व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। श्रम मंत्री अनूप धानक ने मासिक सदस्य सम्मान समारोह में गौशाला में मासिक दान देने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जसबीर धत्तरवाल ने की। इससे पूर्व श्रम मंत्री अनूप धानक ने उकलाना आवास पर विभिन्न गांवों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात की और जन समस्याएं भी सुनी।

# विधायक जोगीराम सिहाग ने गांव मय्यड़, रायपुर व ढ़ाणी रायपुर में विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** बरवाला के विधायक जोगीराम सिहाग ने रविवार को गांव मय्यड़, रायपुर व ढ़ाणी रायपुर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने गांव मय्यड़ में 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली मैन गली, गांव ढाणी रायपुर में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाली मैन गली तथा गांव रायपुर में 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 4 गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक जोगीराम सिहाग ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो, इस दिशा में सरकार द्वारा कारगर कदम उठाएं जा रहे हैं। गांवों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध करवाने के लिए म्हारा गांव-जगमग गांव योजना शुरू की गई है। इसी प्रकार जल जीवन मिशन के तहत पेयजल अभाव वाले गांवों एवं ढ़ाणियों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। हल्के के प्रत्येक गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सड़कें, बिजली तथा पानी जैसी सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री प्रयुक्त करने की हिदायत दी।

### प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में आयोजित होने वाले मेले, भंडारे व हवन के लिए बैठक का आयोजन


# 16 मार्च को सप्तमी पर मेला व भंडारा, 17 मार्च को अष्टमी पर होगा हवन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी के अवसर पर 16 मार्च को प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में विशेष पूजा व मेले का आयोजन होगा। 17 मार्च को अष्टमी के दिन प्रातःकाल जनकल्याण के निमित मां चण्डके देवी मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मेले, भंडारे व हवन-यज्ञ के संदर्भ में मां चण्डके देवी मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के दौरान मां चण्डके देवी मंदिर सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग, बिजेंद्र किनाला, हरपाल किनाला, कुलदीप फरीदपुर, संदीप मलिक, सुनील तायल, प्रवीन ढिल्लो, टेकचंद कुंडू व मेवासिंह कुंडू सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत जगदीश तायल व महंत आनंद शास्त्री ने बताया कि 16 मार्च को प्रातःकाल मां चण्डके देवी की विशेष पूजा व आराधना के उपरांत दोपहर को अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मेले व भंडारे में पंचग्राम पाबड़ा के साथ-साथ बहुत से गांवों व दूर-दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। 17 मार्च को आयोजित होने वाले हवन-यज्ञ में भी काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल से शुरू होने वाले नवरात्रों व मंदिर की व्यवस्था के संदर्भ में हवन-यज्ञ के उपरांत 17 मार्च को प्रातः 10 बजे मंदिर परिसर में बैठक की जाएगी। इस बैठक में नवरात्रों के आयोजन के बारे में विस्तार से चर्चा होगी।

# फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर का समापन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में 3 मार्च को आरंभ हुए शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर पुलिस विभाग से एस.आई. सज्जन कुमार और श्री अजीत ने एन. एस. एस. स्वंयसेविकाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने छात्राओं को नशा मुक्ति एवं युवाओं में बढ़ रहे नशे की आदत के विषय में जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने शिविर के सफल आयोजन पर छात्राओं को बधाई दी एवं भविष्य में इसी प्रकार से समाज सेवा के कार्यों मे लगे रहने के लिए प्रेरित किया। एन.एस.एस. पी.ओ. डॉ. पल्लवी आर्या एवं श्रीमती अल्पना गुप्ता ने बताया कि शिविर में स्वंयसेविकाओं के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जैसे की आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर जिसमें छात्राओं ने आत्मरक्षा के लिए महत्वपूर्ण गुर सीखें, आर्ट एण्ड क्राफ्ट टेऊनिंग के माध्यम से बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पोट मेकिंग, मंडाला आर्ट, फैब्रिक पेंटिंग आदि कलाएं सिखी। शिविर में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने गाँवों में जाकर जागरूकता अभियान चलाया एवं ग्रामीण लोगों को जल संरक्षण एवं साफ-सफाई के महत्व आदि विषयों पर रैली के माध्यम से जागरूक किया। शिविर के अंतिम दिन एन.एस.एस. स्वंयसेविकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# जनता को भाजपा और पीएम मोदी पर पूर्ण विश्वास : रणधीर धीरू

### शक्ति केंद्र प्रवास कार्यक्रम के तहत गांव जुगलान व धांसू में पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन धीरू



**पाठकपक्ष न्यूज**

**बरवाला, 11 मार्च :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू आज बरवाला विधानसभा में शक्ति केंद्र प्रवास कार्यक्रम के तहत गांव जुगलान व धांसू में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल विकास की बात करती है। आज समाज के सभी वर्ग अपने आपको विकास में भागीदार मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने आम जनता खासकर गरीबों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है। पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू ने इस दौरान सभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हिसार लोकसभा सीट पर कमल खिलाने के लिए जुट जाने का आह्वान किया। मण्डल अध्यक्ष रवींद्र जागलान, सरपंच प्रतिनिधि दलबीर, रघुबीर फौजी, कृष्ण मेहला, ब्लॉक समिति सदस्य प्रतिनिधि अनिल जागलान, ईश्वर, रामपाल, नवीन, सुरेंद्र, सुनील, संदीप घोड़ेला, राजेश बूरा, विक्रम भट्टी, अमन चाहर, मण्डल अध्यक्ष रवींद्र जागलान, सुरजीत सरपंच, सतीश मास्टर, जोगीराम, बुधराम, जोनी प्रधान, मनीराम मास्टर, पवन वर्मा, मुकेश वर्मा, मनफूल बेडवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पैलेडियम जूनियर्स ने किया फैशन शो का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** पैलेडियम जूनियर्स, सुंदर नगर ब्रांच द्वारा इम्पिरियम रिसॉर्ट में फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने परफॉर्म किया। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल मैनेजमेंट के लोग विशेष रुप से उपस्थित रहे। इस प्रोग्राम का आयोजन पैलेडियम जूनियर्स स्कूल की ब्रांच हेड मिस नंदिता मेहता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जज के तौर पर मिस पिया भार्गव और डॉ अर्चना सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच पर छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही सुंदर परिधानों में प्रस्तुति दी, जिसने हर देखने वाले का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा सुंदर नृत्य भी किया गया। रट्टा मार और जलसा गानों पर सुंदर नृत्य ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पैलेडियम जूनियर्स सुंदर नगर टीम ने बहुत जोर शोर से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रोग्राम में सुंदर नगर का मिस पैलेडियम जूनियर्स का खिताब मिराया मलिक और अधीरा ने जीता तथा मास्टर पैलेडियम जूनियर्स का खिताब रिहान मित्तल ने जीता। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

# स्वार्थ की राजनीति करने वालों का आज पटापेक्ष हो गया : ऋषि गोयल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** सांसद बृजेन्द्र सिंह द्वारा भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने पर भाजपा मीडिया प्रभारी -अर्बन ऋषि गोयल ने कहा कि जनहित की परवाह से परे स्वार्थ की राजनीति करने वालों का आज पटापेक्ष हो गया है। चौधरी बीरेंद्र सिंह हमेशा अपने बेटे बृजेन्द्र सिंह को मंत्री बनाने के चक्कर में रहे। उन्हें जनता के दुःख दर्द से कोई सरोकार नहीं था। यहां तक कि उनके सांसद बेटे कार्यकर्त्ताओं तक को नहीं पहचानते थे। उन्होंने कहा कि चौधरी बीरेन्द्र सिंह को कांग्रेस की भ्रष्टाचार की राजनीति ही रास आती है। भाजपा की साफ सुथरी छवि उन्हें नहीं भाई। जब चौधरी बीरेंद्र सिंह ने राज्य सभा के लिए नामांकन भरा था तो उन्होंने कहा था कि भाजपा में तो सौ रूपए में काम चल गया कांग्रेस में होता तो सौ करोड़ लगते।

### महिला कांग्रेस ने खिलाड़ियों व बुजुर्ग महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

# कांग्रेस पार्टी नारी न्याय के माध्यम से भारत की आधी आबादी का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : सुधा भारद्वाज



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 11 मार्च :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आदमपुर विधानसभा के गांव दरौली में नारी न्याय सम्मान समारोह के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुधा भारद्वाज एवम, पीसीसी प्रभारी शिवानी मिश्रा की गरिमाई उपस्थित में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं व स्टेट लेवल में नेशनल खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया जिसमें दरौली गांव के कबड्डी के कोच और कबड्डी में अव्वल रहने वाली सभी बेटियों उपस्थिति रही।आदमपुर विधानसभा के पूर्व चेयरमैन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखबीर डूडी विशिष्ट अतिथि रहे। सुधा भारद्वाज और शिवानी मिश्रा ने महिलाओं के बताया कि कांग्रेस का लक्ष्य महिलाओं का उत्थान है। भाजपा सरकार में महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा कांग्रेस सरकार का मुख्य लक्ष्य नारी न्याय है और विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी ही नारी न्याय अर्थात महिलाओं को न्याय दिलाने में पूरा साथ रहेगा और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को नारी न्याय के विषय पर बताया और महिलाओं को सशक्तिकरण के बारे में कहा की कांग्रेस पार्टी नारी न्याय के माध्यम से भारत की आधी आबादी का आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।







**Name Change**

I, Supriti W/o Ishwar Chander R/o H. No. 534/21 Mandi Sainian, Hansi (Hisar) Haryana hereby declare that I have changed my Name from Supriti to Supriti Saini for all future purposes.

- Deponent

**Name Change**

I, Nandini D/o Ishwar Chander R/o H. No. 534/21 Mandi Sainian, Hansi (Hisar) Haryana hereby declare that I have changed my Name from Nandini to Nandini Saini for all future purposes.

- Deponent

**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573




# राजकुमार सैनी भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष बने



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 मार्च :** जिला भारतीय जनता पार्टी, ओबीसी मोर्चा ने हिसार निवासी व वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार सैनी (दहिया) को ओबीसी मोर्चा का जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी ने मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री कर्ण देव कंबोज तथा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ से विचार विमर्श करके पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार सैनी (दहिया) की नियुक्ति करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। मोर्चा के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष राजकुमार सैनी (दहिया) ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा व मेहनत से निभाएंगे तथा पहले की तरह पार्टी के लिए समर्पित रहेंगे।

# हांसी हलके के सात गांवों में गंदे पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था के लिए सवा 4 करोड़ के प्रस्ताव को सीएम ने दी मंजूरी : भयाना



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 11 मार्च :** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि हल्के के सात गांवो में गंदे पानी की निकासी के लिए स्थाई व्यवस्था करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। श्री भयाना ने सोमवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रामायण, धमाणा, देपल, सोरखी, खरकड़ा, दयाल सिंह कालोनी तथा मामनपुरा गांव में गंदे पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था करवाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाया गया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन सभी गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए व्यवस्था करवाने को लेकर काम शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गंदे पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन बिछवाई जाएगी। रामायण गांव के लिए 46 लाख 85 हजार, धमाणा गांव के लिए 42 लाख 19 हजार, देपल गांव के लिए 96 लाख 57 हजार,खरकड़ा गांव के लिए 59 लाख 12 हजार, दयाल सिंह कॉलोनी के लिए 81 लाख 55 हजार तथा मामनपुरा गांव के लिए 27 लाख 30 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

# अग्रोहा टीले का जीपीआर सर्वे शुरू

## बाहर आएंगे हजारों साल पहले दफन हुए राज, चौथी बार होगी खोदाई




**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 मार्च :** हिसार के अग्रोहा टीले की खोदाई से पहले जीपीआर सर्वे का काम सोमवार को शुरू हो गया। विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता और शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने किया। स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि अग्रोहा को पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा पुरातत्व एवं सग्रहालय विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। आईआईटी कानपुर से प्रोफेसर जावेद मलिक नेतृत्व में आई टीम सर्वे करेगी। खोदाई के बाद यहां पर राष्ट्रीय स्तर का संग्रहालय बनाया जाएगा। आने वाले समय में अग्रोहा पर्यटन की दृष्टि से ऐतिहासिक स्थल होगा। आने वाले समय में यहां पर्यटक स्वागत केन्द्र, साइट व्याख्यान केन्द्र व संग्रहालय (महाभारत पैनोरमा), तारामण्डल- ज्योतिषीय समय रेखा पर आधारित, ध्यान केन्द्र के साथ नॉलेज पार्क आदि का निर्माण भी किया जाएगा। इस मौके पर शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि अग्रोहा की नगरी को अग्रोदक नाम से 25 किलोमीटर घन क्षेत्रफल के दायरे में विकसित किया जाएगा। जिसमें 18 अलग अलग नगर बसाए जाएंगे। जिसके लिए प्रदेश सरकार ने अग्रोहा डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया है। ज्ञानचंद गुप्ता को इसका चेयरमैन बनाया गया है। यह बोर्ड अग्रोहा के विकास की पूरी योजना बनाएगा। हिसार में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा को अग्रसेन ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

# अम्बिका प्रसाद बने भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 मार्च :** समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त प्रिंसिपल अम्बिका प्रसाद को भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया है। इससे पहले वे सब्जी मंडी मंडल हिसार के मंडल अध्यक्ष थे। पार्टी ने उनकी मेहनत और कार्य को देखते हुए उन्हें भाजपा जिला ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर अम्बिका प्रसाद ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, वे उसे ईमानदारी से निभाएंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने उपाध्यक्ष बनाने पर पार्टी का आभार जताया है।

# तीस दिन से ठप्प पड़े ऑन लाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (होबपास) पोर्टल को सुचारु कराने की सीएम से मांग

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 11 मार्च :** पूरे प्रदेश में भवनों के नक्शे अप्रूव करने वाला हरियाणा बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम का पोर्टल पूरी तरह ठप्प पड़ा है । जिस कारण पूरे प्रदेश में अर्बन लोकल बॉडीज़ विभाग व टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग विभाग के तहत सभी नब्बे शहरों के अंतर्गत न तो भवनों के नक्शे सबमिट हो रहे हैं और न ही सबमिट हुए भवनों के नक्शे अप्रूव हो पा रहे हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने मुख्यमंत्री व महा निदेशक शहरी निकाय विभाग को ईमेल भेज कर तत्काल पोर्टल सुचारु कराने की मांग की है । कपूर ने बताया कि पिछले तीस दिन से होबपास पोर्टल ठप्प है। किसी को अपने भवन का निर्माण कार्य शुरु करना है, किसी को बैंक से लोन लेना है, नक्शे अप्रूव कराने के लिए लोग भटक रहे हैं। कहीं कोई सुनने वाला नहीं है। इस संबंध में ईमेल द्वारा शिकायतें करने पर संबंधित अधिकारी जवाब तक नहीं देते न ही समस्या हल की जा रही है। फोन तो कोई पिक ही नहीं करता।

# हरियाणा के दो लालों ने बॉडी बिल्डिंग में जीते गोल्ड मेडल




**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 11 मार्च :** हरियाणा के छोरे देश विदेश में अपने प्रदेश का नाम रोशन करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते है, खेल कोई भी हो हरियाणा हमेशा पदक जीतने में अग्रणी रहता है। दिल्ली में एशियन स्पोंट फे डरेशन द्वारा आयोजित नेशनल लेवल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हांसी के जूनियर और सीनियर ग्रुप में रोहन व नवीन ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कई प्रदेश के खिलाड़ियों ने भाग लिया। हांसी के रोहन ने 65-70 किलो भार वर्ग में सीनियर व जूनियर दोनों ग्रुपों में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता, वहीं हांसी के नवीन ने 80-85 किलो भार के सीनीयर ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में जीतने के बाद मिस्टर इंडिया के खिताब से नवाजा। हांसी आने के बाद दोनों खिलाडियों नवीन व रोहन का फ लमालाओं से भव्य स्वागत किया, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हनुमान मंदिर, जवाहर नगर में नि:शुल्क वैवाहिक परिचय सेवा का शुभारंभ



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 मार्च :** श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर, गली नंबर-2 जवाहर नगर में लोगों की जरूरत को देखते हुए निःशुल्क वैवाहिक परिचय सेवा का शुभारंभ किया गया है। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के प्रधान इंद्र चंद्र राठी ने बताया कि इस सम्बंध में काफी समय से लोगों की डिमांड आ रही थी, इसी को देखते हुए मंदिर कार्यालय में सभी प्रकार के योग्य रिश्तों के लिए निःशुल्क वैवाहिक परिचय सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस सेवा के पहले ही दिन लगभग 15 युवक-युवतियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को दोपहर 12 बजे से 4:00 बजे तक मंदिर कार्यालय में मंदिर के सेवादार उपस्थित रहकर इस निःशुल्क सेवा के लिए कार्य करेंगे व लोगों को यथासंभव जानकारी देकर उनका सहयोग करेंगे।

# लुवास के साइंटिस्ट का खुदकुशी मामला

# मानसिक रूप से परेशान था डॉ. संदीप, पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लिया




मामले में कागजी कार्यवाही करते हुए पुलिस।

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 मार्च :** लुवास के साइंटिस्ट डॉ. संदीप कुमार गोयल ने रविवार शाम को अपनी 8 साल की बेटी की सर्जिकल ब्लेड से गला काटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इसके बाद संदीप ने भी सुसाइड कर लिया था। बता दें कि संदीप वेटरनरी सर्जरी रेडियोलॉजी ऑफिस में तैनात था। वह मानसिक रूप से तनाव में था। उसके कार्यालय के लोगों ने यह बात बताई थी। हादसे के बाद परिवार सदमे में है। मरने से पहेल साइंटिस्ट ने सुसाइड नोट छोड़ा था। पुलिस ने जांच के लिए सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया है। संदीप गोयल मूलरूप से जींद जिले के नरवाना का रहने वाला था। संदीप पहले सेक्टर-15 में परिवार के साथ रहता था। कुछ महीने पहले ही वह एचएयू के ओल्ड कैंपस स्थित क्वार्टर में शिफ्ट हुआ था। वहीं, साइंटिस्ट डॉ. संदीप गोयल के परिजनों से मिलकर पुलिस ने अन्य जानकारी भी जुटाई है।

# डी.एन. कॉलेज में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 11 मार्च :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के राजनीतिक विज्ञान व लोक प्रशासन विभाग ने नेहरू युवा केंद्र, हिसार के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस युवा संसद में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। युवा संसद का विषय था एनईपी-2020, जिस पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांसदों का रूप लेकर बहस की। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा अध्यक्ष व पक्ष, विपक्ष का रोल निभाते हुए एनईपी-2020 के विषय में विस्तारपूर्वक बहस करते हुए संसद का प्रतिरूप दिखाया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गौतम सरदाना ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए युवा संसद का महत्व बताया व छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. नरेन्द्र यादव ने 'मिलेट्स' पर संबोधित करते हुए युवा संसद के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम की अन्य मुख्यवक्ता व राजनीतिक विज्ञान व लोकप्रशासन की विभागाध्यक्षा ने नारी सशक्तिकरण के विषय में सभी को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने सभी युवा सांसदों को देश के भावी भविष्य के सांसद के रूप में संबोधित करते हुए उन्हें देश का भविष्य बताया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का धन्यवाद किया गया। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अरूणा कद ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों तथा गैर-शिक्षक कर्मचारियों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में डॉ. रेनू राठी, डॉ. सुरूचि शर्मा, डॉ. रमेश कुमार, प्रो. प्रियंका बोस, प्रो. मंदीप सिंह, डॉ. राजीव तुर्किया व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

